भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2275
12 फरवरी, 2026 को उत्तर देने के लिए

खाद्य प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि

2275. श्री हरीश चंद्र मीनाः

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, खाद्य प्रसंस्करण हेतु उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजना और कृषि अवसंरचना कोष जैसी योजनाओं के बावजूद, देश में फलों, सब्जियों और दुग्ध उत्पादों की प्रसंस्करण क्षमता कुल उत्पादन की तुलना में अत्यंत अपर्याप्त है, जिसके कारण किसानों को मूल्य हानि हो रही है;
(ख) यदि हां, तो इस क्षमता को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्य, किए गए निवेश और बनाई गई क्षेत्र-विशिष्ट कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह भी सच है कि राजस्थान जैसे अर्ध-शुष्क राज्यों में अपर्याप्त शीत श्रृंखला, भंडारण और खाद्य पार्क अवसंरचना के कारण बाजरा, दालें, तिलहन, फल और दुग्ध उत्पादों का प्रसंस्करण सीमित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) स्वीकृत, चालू और पूर्ण परियोजनाओं के ब्यौरे सहित उनके अंतर्गत जिलावार कितना अनुदान जारी किया गया है; और
(ङ) टोंक-सवाई माधोपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीकृत निधि, सृजित रोजगार और किसानों को मिले लाभों सहित कार्यरत और प्रस्तावित खाद्य प्रसंस्करण संकुलों, मोटे अनाज केंद्र और शीतगार परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

(क) और (ख): खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास और वृद्धि के लिए, जिसमें क्षेत्र की परिरक्षण और प्रसंस्करण क्षमता को बढ़ाना भी शामिल है, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) देश में केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित प्रधान मंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना/उन्नयन को प्रोत्साहित कर रहा है और इससे किसानों की आय बढ़ती है।

दिनांक 31.12.2025 तक, देश भर में पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत 6650.22 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता, पीएमएफएमई के अंतर्गत 4316.04 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता और पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत 2162.55 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन जारी किया गया है।

(ग) से (घ): एमओएफपीआई स्वयं खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित नहीं करता है। तथापि, यह संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुसार अपनी तीन योजनाओं के माध्यम से पात्र उद्यमियों को मक्का, दालें, तिलहन, फल और डेयरी-आधारित उत्पादों सहित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये योजनाएँ मांग आधारित हैं और राजस्थान सहित पूरे देश में कार्यान्वित की जाती हैं।

पीएमकेएसवाई के मेगा फूड पार्क और कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना सृजन (एपीसी) घटक, क्लस्टरों में इस प्रकार के उद्योगों के विकास का लक्ष्य रखते हैं। दिनांक 31.12.2025 तक, एमओएफपीआई ने राजस्थान राज्य में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत 2 मेगा फूड पार्क, 2 एपीसी और 14 शीत श्रृंखला परियोजनाओं को अनुमोदित किया है। मंत्रालय द्वारा दिनांक 01.04.2021 से मेगा फूड पार्क योजना को बंद कर दिया गया है। राजस्थान में एमओएफपीआई की योजनाओं के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ङ): पीएमकेएसवाई की अवसंरचना हेतु कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर योजना (एपीसी) घटक योजना के अंतर्गत, राजस्थान के टोंक जिले में 8.64 करोड़ रुपये की अनुमोदित अनुदान राशि के साथ 1 परियोजना को अनुमोदित किया गया है। पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत, राजस्थान के सभी जिलों में मिलेट-आधारित उत्पादों के लिए 22 सूक्ष्म खाद्य उद्यमों को 2.64 करोड़ रुपये के अनुमोदित ऋण के साथ मंज़ूर किया गया है। राजस्थान में टोंक और सवाई माधोपुर जिलों सहित एमओएफपीआई की पीएमएफएमई योजनाओं के अंतर्गत मिलेट के लिए अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

******

अनुबंध- I

दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए "खाद्य प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2275 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क. पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत राजस्थान में अनुमोदित खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं	परियोजना का नाम	ज़िला	अनुमोदित अनुदान सहायता	जारी अनुदान सहायता	स्थिति
मेगा फूड पार्क योजना (एमएफपी)					
1.	जेनेंटेक मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, अजमेर	अजमेर	49.88	44.9	प्रचालनरत
2.	श्री राम मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड, बीकानेर	बीकानेर	50	13.49	कार्यान्वयनाधीन
एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना (शीत श्रृंखला)					
3.	झुनसंस केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड	अलवर	7.06	7.06	प्रचालनरत
4.	शिव हेल्थ फूड्स एलएलपी	कोटा	6.59	6.59	प्रचालनरत
5.	श्री शुभम लॉजिस्टिक्स लिमिटेड	कोटा	8.48	8.48	प्रचालनरत
6.	फिदेलो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	0.83	0.83	प्रचालनरत
7.	बीएलएग्रो इंडस्ट्रीज	बीकानेर	4.35	4.35	प्रचालनरत
8.	देव मिल्क फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	5.94	5.94	प्रचालनरत
9.	फ्रेंड्स एग्रो इंडस्ट्रीज	बूंदी	7.96	7.96	प्रचालनरत
10.	नोखा एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड	बीकानेर	7.66	7.66	प्रचालनरत
11.	रघुनंदन कोल्ड चेंबर एलएलपी	धौलपुर	5.47	5.47	प्रचालनरत
12.	राजेंद्र एंड उर्सुला जोशी फूड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	9.28	9.28	प्रचालनरत
13.	सत्यम फूड प्रोसेसिंग कंपनी	हनुमानगढ़	3.34	3.34	प्रचालनरत
14.	मेवाड़ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	जयपुर	6.19	6.19	प्रचालनरत
15.	मनोरमा गव्य फूड इंडस्ट्रीज	बीकानेर	3.01	3.01	प्रचालनरत
16.	भागीरथ डेयरी प्राइवेट लिमिटेड	बाड़मेर	7.26	4.84	कार्यान्वयनाधीन
कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना योजना (एपीसी)					
17.	मेसर्स गरुड़ अर्बन रेमेडीज लिमिटेड	जालौर	10	3.33	कार्यान्वयनाधीन
18.	मेसर्स ग्रीनफील्ड्स एग्रो पार्क	टोंक	8.64	2.88	कार्यान्वयनाधीन
खाद्य प्रसंस्करण और परिरक्षण क्षमता सृजन / विस्तार (सीईएफपीपीसी) योजना					
19.	मेसर्स सीजी फूड इंडिया	अजमेर	4.36	4.23	प्रचालनरत
20.	मेसर्स शंकर कन्फेक्शनरी	जोधपुर	1.24	1.23	प्रचालनरत
21.	मेसर्स श्री राठी स्नैक्स इंडस्ट्रीज एलएलपी	जोधपुर	1.18	1.18	प्रचालनरत
22.	मेसर्स पवनपुत्र वेफर्स प्राइवेट लिमिटेड	जोधपुर	5	5.00	प्रचालनरत
23.	मेसर्स ब्लॉप एग्रो फूड्स एलएलपी	अलवर	1.18	1.18	प्रचालनरत
24.	मेसर्स कोठारी फूड्स एलएलपी	अजमेर	4.17	4.12	प्रचालनरत
25.	मेसर्स सीजी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (नूडल्स और स्नैक्स यूनिट)	अजमेर	0.77	0.00	कार्यान्वयनाधीन
26.	मेसर्स सीजी फूड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (फल एवं सब्जी प्रसंस्करण)	अजमेर	1.58	0.78	कार्यान्वयनाधीन
27.	मेसर्स श्री राम उद्योग	जोधपुर	1.98	1.96	प्रचालनरत

28.	मेसर्स नॉर्दर्न सॉल्वेंट्स प्राइवेट लिमिटेड	अजमेर	5	4.64	प्रचालनरत
29.	मेसर्स पीसी कन्नन एंड कंपनी	कोटा	1.77	1.69	प्रचालनरत
30.	मेसर्स श्री नारायण स्वामी एंटरप्राइजेज	जोधपुर	1.51	1.51	प्रचालनरत
31.	मेसर्स नोखा ग्वार गम इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड	बीकानेर	4.2	4.20	प्रचालनरत
32.	मेसर्स भगवतम फूड ग्रेन्स प्राइवेट लिमिटेड	बूंदी	5	5.00	प्रचालनरत
33.	मेसर्स बाबा रामदेव केमफूड इंडस्ट्रीज	नागौर	3.62	3.62	प्रचालनरत
34.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (616)	बीकानेर	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
35.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (623)	बीकानेर	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
36.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (626)	बीकानेर	3.08	1.51	कार्यान्वयनाधीन
37.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (644)	बीकानेर	3.81	1.87	कार्यान्वयनाधीन
38.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (646)	बीकानेर	1.93	0.95	कार्यान्वयनाधीन
39.	मेसर्स ओम श्री एग्रो सॉल्वेक्स	अजमेर	3.81	3.81	प्रचालनरत
40.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	बीकानेर	5	0.00	कार्यान्वयनाधीन
41.	मेसर्स विद्या ग्लोबल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (805)	बीकानेर	5	0.00	कार्यान्वयनाधीन
42.	मेसर्स श्रीमाधो फन फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	अजमेर	3.12	1.56	कार्यान्वयनाधीन
बैकवर्ड एंड फॉरवर्ड लिंकेजेज़ सृजन योजना					
43.	मेसर्स सनराइज मिल्क प्लांट	अलवर	0.37	0.37	प्रचालनरत
44.	मेसर्स शालू एग्रो फूड्स	अजमेर	0.44	0.44	प्रचालनरत
45.	मेसर्स गणपति उद्योग	बीकानेर	1.54	1.47	प्रचालनरत
46.	मेसर्स अरिहंत एंटरप्राइजेज	जोधपुर	1.44	1.44	प्रचालनरत
47.	मेसर्स किचन हार्वेस्ट फूड्स	जोधपुर	0.77	0.77	प्रचालनरत
48.	मेसर्स ड्यून्स मिल्क प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड	बीकानेर	1.26	0.8	कार्यान्वयनाधीन

ख. पीएलआईएस एफ़पीआई योजना के अंतर्गत राजस्थान में अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

क्र.सं	आवेदक का नाम	ज़िला	जारी प्रोत्साहन राशि *	स्थिति
1	बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड	बीकानेर	93.54	प्रचालनरत
2	बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड	बीकानेर		
3	बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड	बीकानेर		
4	बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड (फ्रोजन यूनिट)	बीकानेर		
5	आईटीसी लिमिटेड	सीकर	61.24	प्रचालनरत
6	एमटीआर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड	कोटा	45.59	प्रचालनरत

*पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत प्रोत्साहन सभी अनुमोदित स्थानों के लिए कंपनी को जारी किया जाता है।

ग. पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत राजस्थान में अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण

ज़िले का नाम	सूक्ष्म उद्यमों की संख्या	ऋण राशि	अनुमोदित अनुदान
अजमेर	121	17.75	6.69
अलवर	47	9.43	3.03
अनूपगढ़	8	0.78	0.12
बालोतरा	1	0.49	0.10

बांसवाड़ा	10	1.87	0.50
बारां	19	3.91	1.15
बाड़मेर	30	5.65	2.09
ब्यावर	7	1.12	0.39
भरतपुर	61	6.56	2.71
भीलवाड़ा	17	2.46	1.03
बीकानेर	67	16.79	5.81
बूंदी	42	5.39	1.97
चित्तौड़गढ़	47	10.09	3.31
चुरू	26	5.99	1.59
दौसा	11	1.87	0.70
डीग	14	1.27	0.51
धौलपुर	4	0.71	0.18
डीडवाना-कुचामन	2	0.30	0.14
डूंगरपुर	15	1.59	0.63
गंगानगर	53	6.03	2.33
गंगापुर सिटी	1	0.21	0.10
हनुमानगढ़	53	8.68	3.26
जयपुर	210	46.19	13.92
जयपुर ग्रामीण	3	0.54	0.23
जैसलमेर	3	0.62	0.24
जालौर	12	2.83	0.87
झालावाड़	11	1.84	0.60
झुंझुनू	34	5.34	1.84
जोधपुर	101	16.12	6.45
जोधपुर (ग्रामीण)	4	1.68	0.34
करौली	11	0.70	0.29
केकरी	7	0.31	0.12
खैरथल-तिजारा	2	0.13	0.06
कोटा	65	12.88	3.83
कोटपुतली-बहरोड़	5	0.89	0.25
नागौर	35	5.77	2.24
नीम का थाना	1	0.08	0.03
पाली	30	5.01	1.73
फलौदी	3	0.51	0.22
प्रतापगढ़	20	2.51	1.03
राजसमंद	48	5.73	1.98
सलूम्बर	1	0.15	0.08
सवाई माधोपुर	8	1.27	0.39
सीकर	43	5.94	2.05
सिरोही	8	0.90	0.31
टोंक	38	6.83	2.29
उदयपुर	85	14.87	5.36
कुल	**1444**	**248.59**	**85.11**

अनुबंध- II

दिनांक 12 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए "खाद्य प्रसंस्करण क्षमता में वृद्धि" के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2275 के भाग (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

पीएमएफईएमआई योजना के अंतर्गत अनुमोदित मिलेट परियोजनाओं का जिला- वार विवरण (राशि करोड़ में)

जिले का नाम	सूक्ष्म उद्यमों की संख्या	ऋण राशि	अनुमोदित अनुदान
भीलवाड़ा	1	0.15	0.07
दौसा	1	0.30	0.10
जोधपुर	1	0.04	0.02
पाली	7	0.73	0.32
सवाई माधोपुर	1	0.57	0.10
सीकर	10	0.39	0.16
टोंक	1	0.47	0.10
कुल	**22**	**2.64**	**0.86**

*****